पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 13.06.2024

दिनांक 12/13.06.2024 को थाना माल 01, वजीरगंज 02, महिगवां 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना गाजीपुर- दिनांक 13.06.2024 को थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि वादी श्री शिव प्रताप सिंह निवासी 78 सेक्टर 22 इन्दिरानगर लखनऊ ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि दिनांक 10.06.2024 को वादी ने फोन के ब्राउज़र पर MNRE की वेबसाइट पर जाकर कस्टमर केयर से बात की जिसने वादी की कॉल को मो0नं0 9474927043 से पैच किया और उक्त व्यक्ति ने वादी को प्लेस्टोर पर जाकर Avval Desk नामक app इनस्टल करने को कहा जिसके उपरान्त उक्त व्यक्ति ने वादी को कहा कि अब वादी अपनी शिकायत PHONEPE app के माध्यम से 1/- रु. देकर दर्ज करा सकते हैं, जिसके 1/- रू0 के लिए OTP आया वैसे ही वादी के पिता जी के पंजाब नेशनल बैंक के खाता सं 0719000100030676 जिसमें वादी का ही फोन नंबर दर्ज है, उससे 99,680/- रु0 कट गए, जिसके बाद फिर से उक्त व्यक्ति ने पेमेंट करने को कहा जिससे वादी के पंजाब नेशनल बैंक के खाता से 28,312/-रू0 कट गए। इस दौरान उक्त व्यक्ति वादी से निरंतर मो.नं.- 9474927043 से बात करता रहा, और वादी के फोन की वो सभी ऐप जिनसे लेनदेन होता था वो अचानक काम करना बंद कर दी, जिसके बाद वादी ने फोन काट दिया और हज़रतगंज के SBI ऑफिस पहुंच कर जानकारी की तो पता चला कि SBI बैंक से पैसे नहीं कटे तो वादी तुरंत पंजाब नेशनल बैंक के मेन ऑफिस में पहुंचा और कस्टमर केयर पर दोनों खाते ब्लॉक कराये, **इस सूचना पर थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0- 247/2024 धारा- 420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना मड़ियांव- दिनांक 13.06.2024 को थाना मड़ियांव द्वारा बताया गया कि श्री फैहमी पुत्र श्री अफजाल हुसैन निवासी 3/1413 सेक्टर-3 जानकीपुरम् विस्तार लखनऊ ने थाना मड़ियांव पर सूचना दिया कि उसका भाई अमान अहमद उम्र करीब 26 वर्ष दिनांक 12.06.2024 की दोपहर घर पर बिना बताए कही चला गया था जिसे काफी खोजा जा रहा था, आज दिनाक 13.06.2024 को घैला पुल के नीचे गोमती नदी में उसका शव मिला है। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री अमित साहू मो0नं0- 8542062327 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक अविवाहित था।

थाना हसनगंज- दिनांक 13.06.2024 को थाना हसनगंज द्वारा बताया गया कि आगन्तुक श्री अरूण कुमार यादव प्वांइटमैन लखनऊ ने उपस्थित थाना हसनगंज आकर एक किता मेमो दाखिल किया कि दिनांक 13.06.2024 को समय करीब 07.00 बजे सुबह बादशाहनगर - डालीगंज के मध्य किमी0 773/47-49 पर अचानक ट्रैक पर एक अज्ञात महिला गाड़ी 05086 के आगे आ गई और ट्रैन से टकरा गई, जिससे अज्ञात महिला उम्र करीब 35 वर्ष की मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री जयकरन भदौरिया मो0नं0- 7839861017 थाना हसनगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

<u>थाना निगोंहा-</u> दिनांक 13.06.2024 को थाना निगोंहा द्वारा बताया गया कि श्री संजय कुमार पुत्र श्री मातादीन निवासी ग्राम कसरांवा थाना बछरांवा जनपद रायबरेली ने थाना निगोंहा पर सूचना दिया कि उनका पुत्र अर्जुन उम्र करीब 19 वर्ष दिनांक 11.06.2024 को अपनी ननिहाल हरिकुंवरपुर खेडा थाना निगोंहा लखनऊ आया था। आज दिनाक 13.06.2024 को अपनी ननिहाल में कमरे में छत के कुंडे में साड़ी का फंदा डालकर फाँसी लगा लिया जिससे अर्जुन उपरोक्त की मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह मो0नं0- 7011034587 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक अविवाहित था एवं मजदूरी करता था।

<u>थाना बीकेटी-</u> दिनांक 13.06.2024 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि श्री राजकुमार वार्डब्वाय 100 शैय्या अस्पताल साढामऊ ने थाना स्थानीय पर एक किता मेमो इस आशय से भेजा कि दिनांक 12.06.2024 को समय करीब 09.10 बजे रात्रि एक अज्ञात महिला उम्र करीब 30 वर्ष को मृत अवस्था में इस चिकित्सालय में लाया गया। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री शेषमणि मिश्रा मो0नं0- 9919596226 थाना बीकेटी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 12.06.2024 को शाम में मामपुर बाना क्रासिंग के पास एक अज्ञात महिला उम्र करीब 30 वर्ष को किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया जिसे वहां मौजूद लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसे चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया । मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।